नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी
स्थापित 2005 ई.

मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक............................... . दिनांक : 01.08.2022

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बी.एड्. विभाग की विभागाध्यक्ष **श्रीमती शिप्रा सिंह** ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की परिसर संस्कृति व शैक्षिक वातावरण के विषय में बताते हुए प्रार्थना सभा के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही **'लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक महाप्रयाण दिवस'** पर उद्‌बोधन देते हुए कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एक अद्वितीय स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने अपने विचारों से स्वाधीनता के लिए संघर्ष कर रहे भारत को नयी दिशा प्रदान की। उन्होंने 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा' का नारा देकर भारत के जन–जन को स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ा, जो धीरे–धीरे पूरे भारत की सोच बन गया। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी ने स्वदेशी का उपयोग, शिक्षा और स्वराज जैसे महत्वपूर्ण विषयों को आधार बनाया। उनका आदर्शपूर्ण जीवन संघर्ष और देशप्रेम आज भी सभी भारतीयों के मन में राष्ट्रवाद की भवना जागृत करता है। ऐसे स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक महाप्रयाण दिवस के अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिवार शत्–शत् नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

डॉ. सुधा शुक्ला
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी